1	2	3	4
37.	नेहरू सेवा आश्रम	शाहजहांपुर	99,360
38.	सर्पोसियल सोशल वैलफेयर सोसायटी	बिजनौर	2,00,000
39.	किसान वृक्षारोपण समिति	आगरा	6,67,638
	पश्चिम बंगाल		
40.	विलेज वैलफेयर सोसाइटी	हावड़ा	1,87,000
41.	श्रीकृष्ण क्लब	मिदनापुर	1,79,400
42.	अमोरागोरी युवा संघ	हावड़ा	1,00,000
43.	बालिटीकुरी विकास भवन	हावड़ा	1,94,063
44.	मालीपुकार समाज उन्नयन समिति	हावड़ा	2,64,960
45.	अग्रगति	हावड़ा	1,00,000
46.	धरानी राय मेमोरियल सैल्फ एम्पलायमैंट ट्रेनिंग स्कूल	वीरभूम	65,280
	स्वीकृत की गई कुल राशि		82,66,135

मध्य प्रदेश में भूमिहीन व्यक्तियों को कृषि भूमि का आवंटन

@3256-क **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों, विशेषकर मध्य प्रदेश के ऐसे भूमिहीन व्यक्तियों की जिला-वार संख्या कितनी है, जिन्हें विगत तीन वर्षों के दौरान कृषि भूमि का आबंटन किया गया है;

(ख) क्या विगत दो वर्षों के दौरान भूमि-धारियों के नाम पंजीकृत कर उन्हें काश्तकारी के अधिकार प्रदान कर दिए गए हैं;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकारों को कतिपय दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) और (ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) और (घ) भूमि सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत पात्र ग्रामीण गरीबों को अधिकतम सीमा से फालतू भूमि, सरकारी बंजर भूमि और भूदान भूमि का वितरण किया जाता है। इन भूमियों के वितरण से संबंधित मामले पर समय-समय पर विभिन्न मंचों, जिनमें राजस्व मंत्रियों और मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन शामिल हैं, पर चर्चा की गई है और राज्य सरकारों से ऐसी भूमियों को शीघ्रता से वितरित करने का अनुरोध किया गया है। राज्य सरकारों से आबंटित भूमि के वास्तविक कब्जे को सुनिश्चित करने और साथ ही साथ मालिकाना अधिकारों के रिकार्ड में आवश्यकपरिवर्तन करने का भी अनुरोध किया गया है।

@ पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 3285, 24 दिसम्बर, 1993 से संस्थानांतरित

SETTING UP OF SHANKARLAL GURU COMMITTEE ON AGRICULTURAL MARKETING

@@3256-B. **SHRI VITHALBHAI M. PATEL** : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the 'Shankarlal Guru Committee' set up by Govern-

@@Previously Unstarred Question No. 3322 transferred from 24th December, 1993.